समाचार

सरकार तुहर द्वार – वृहद समाधान शिविर

महापौर ने शिविर स्थल पहुंचकर लिया तैयारियों का जायजा, अधिकारियों का किया मार्गदर्शन

(कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल व बालको जोन हेतु 25 मई बुधवार को विद्युतगृह स्कूल में आयोजित होगा शिविर)

कोरबा 24 मई 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा पूर्व में 25 मई बुधवार को आयोजित होने जा रहे वृहद समाधान शिविर की तैयारियों का निरीक्षण किया, की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा तैयारियों के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया।

यहॉ उल्लेखनीय है कि '' सरकार तुहर द्वार '' की तर्ज पर नगर निगम कोरबा सहित जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनशिकायत निवारण वृहद समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं, इस कड़ी में नगर निगम कोरबा के कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल व बालको जोन के वार्ड क्र. 17 से वार्ड क्र. 42 तक के लिए विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा पूर्व में 25 मई बुधवार को वृहद समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियॉ अंतिम चरण में है। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अधिकारियों के साथ विद्युतगृह स्कूल पहुंचकर शिविर स्थल का निरीक्षण किया। उन्होने जिले के समस्त विभागों एवं नगर निगम कोरबा के स्थापित किए गए काउंटरों का निरीक्षण किया, बैठक व्यवस्था को देखा, शिविर में भोजन व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था व स्वच्छता संबंधी तैयारियों का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं की बेहतरी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल व बालको जोन के वार्ड क्र. 17 से 42 तक से आमलोगों द्वारा जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं व शिकायतों के संबंध में दिए गए आवेदनों एवं उनके

निराकरण की जोनवार जानकारी ली, उन्होने विशेष रूप से निगम की विभिन्न सेवाओं से जुड़े कार्यो यथा सड़क, नाली, पेयजल, साफ–सफाई, स्ट्रीट लाईट, पेंशन प्रकरण, अतिक्रमण, राशन कार्ड, बिजली, नल कनेक्शन, निर्माण मरम्मत सहित अन्य कार्यो से संबंधित मांगों, शिकायतों व समस्याओं के संबंध में प्राप्त आवेदनों व उनका किए गएए निराकरण एवं की जा रही कार्यवाही की जानकारी लेते हुए समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर एम.आई.सी.सदस्य सुखसागर निर्मलकर व कृपाराम साहू, पार्षद रवि चंदेल, प्रेमचन्द्र ज्वाला, एल्डरमेन आरिफ खान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, जोन कमिश्नर आर.के.माहेश्वरी, भूषण उरांव, राकेश मसीह, प्रकाश चन्द्रा, प्राचार्य डॉ. सुरेश रात्रे, रजा खान आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

शिविर में पहुंचने आमजन से की महापौर ने अपील – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा पूर्व में बुधवार को लगने वाले वृहद समाधान शिविर में पहुंचने एवं अपनी समस्याओं का निराकरण पाने का आग्रह किया है। उन्होने कहा है कि शिविर स्थल पर भी समस्याओं व शिकायतों से संबंधित आवेदन लिए जाकर उनका यथासंभव निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा, अतः संबंधित वार्डो के नागरिकबंधु शिविर में पहुंचे, अपनी समस्याओं व शिकायतों का आवेदन दें ताकि उनका उचित निराकरण किया जा सके। महापौर श्री प्रसाद ने निगम के मेयर इन काउंसिल के सदस्यों, संबंधित वार्ड पार्षदों, एल्डरमेनबंधुओं से भी अनुरोध किया है कि वे शिविर स्थल पर अपनी उपस्थिति प्रदान करें तथा वार्ड के नागरिकों की शिकायतों व समस्याओं के संबंध में उनका मार्गदर्शन करें।